डॉ धन सिंह रावत
मंत्री
चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा
सहकारिता, उच्च शिक्षा, संस्कृत शिक्षा,
विद्यालयी शिक्षा

उत्तराखण्ड शासन

विधानसभा भवन
का0 फोन:–0135–2666410
का0 फैक्स–0135–2666411

दिनांक : 26 जनवरी, 2024

## गणतंत्र दिवस संदेश

विद्यालयी शिक्षा परिवार के समस्त छात्र–छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों, शिक्षणेत्तर अभिकर्मियों, शिक्षाधिकारियों एवं प्रदेश के समस्त सम्मानित नागरिकों को 75वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनायें।

यह हम सभी के लिए बड़े गौरव का क्षण है कि आज हम सभी मिलकर अपने देश के संविधान निर्माताओं को याद कर उनके प्रति श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे हैं।

मुझे यह कहते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि आज ही के दिन 26 जनवरी सन् 1950 को संविधान सभा के सदस्यों के अथक प्रयासों से भारत का संविधान तैयार कर लागू किया गया। मैं संविधान सभा के सभी सदस्यों सहित उन सभी देशभक्तों को नमन करता हूँ, जिन्होंने भारत को एक सम्प्रभुता सम्पन्न देश बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

प्यारे छात्र–छात्राओं! हमारी सरकार ने नई शिक्षा नीति 2020 लागू करके एक कुशल नागरिक तैयार करने हेतु शिक्षा के क्षेत्र में कई सुधार किये हैं। जिनमें आपके बस्ते के बोझ को कम करने, आपको अपनी पसन्द के विषय चुनने तथा पढ़ने के साथ–साथ व्यावसायिक कोर्स करने की भी सुविधा मिलेगी।

हमारी सरकार ने प्रदेश के मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रारम्भिक व माध्यमिक स्तर पर कक्षा 6 से 12 तक मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना लागू कर छात्र–छात्राओं को आर्थिक सहायता प्रदान कर उच्च शिक्षा प्रदान करने का अवसर प्रदान किया है। इसके अतिरिक्त बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए साइकिल योजना पृथक से लागू है।

प्यारे छात्र–छात्राओं! हमारी सरकार प्रत्येक विद्यालय को पक्का भवन, पेयजल, शौचालय, कक्षा–कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, स्मार्ट क्लास सहित सभी सुविधायें उपलब्ध करा रही है। प्रत्येक विकासखण्ड में उत्कृष्ठ विद्यालय स्थापित करने की मंशा से क्लस्टर विद्यालयों की स्थापना की जा रही है तथा राज्य व जनपद स्तर पर पुस्तकालयों को सुदृढ़ व आधुनिक बना कर छात्र–छात्राओं को महत्वपूर्ण किताबें अध्ययन हेतु उपलब्ध कराई जा रही है।

प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों के साधनविहीन छात्रों को स्कूली शिक्षा प्रदान करने के लिए बालिका छात्रावासों के साथ–साथ नेताजी सुभाषचन्द्र बोस छात्रावास बनाये गये हैं।

हमारी सरकार ने छात्र–छात्राओं की बोर्ड परीक्षाफल में सुधार हेतु अवसर प्रदान कर छात्रों को एक वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा देने का भी विकल्प प्रदान किया है। हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा भी हर वर्ष "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम आयोजित कर आपके भीतर बोर्ड परीक्षा के भय को दूर करने के महत्वपूर्ण व प्रेरणादायक सुझाव दिये जाते हैं, जिसका सकारात्मक प्रभाव बोर्ड परीक्षाफल में देखने को मिल रहा है।

प्रिय शिक्षक-शिक्षिकाओं! शिक्षा के माध्यम से ही हम विकसित एवं श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर सकते हैं। राष्ट्र व समाज निर्माण के लिए हम सभी की सोच सकारात्मक होनी चाहिए। हमारा संविधान हर नागरिक से अपेक्षा करता है कि वे अपने कर्तव्यों के प्रति पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी बरते, तभी भारतवर्ष विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा हो पायेगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी अपने दायित्वों का भली-भांति निर्वहन कर भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान करेंगे।

साथियों, नई शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य शिक्षकों के बीच सामूहिक कार्य दायित्व व नेतृत्व का विकास कर स्कूली बच्चों को संस्कारों से परिपूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रदेश में विद्या समीक्षा केन्द्र की स्थापना की गई है, जो हर क्षण सूक्ष्म स्तर पर अनुश्रवण कार्य करेगा तथा शिक्षा के महत्वपूर्ण योजनाओं के संचालन पर भी बारीक नजर रखेगा।

भारत सरकार की सहायता से इस वर्ष राज्य में 142 पीएमश्री विद्यालयों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है।

प्रिय अभिभावको! हमारी सरकार ने शिक्षा को आम आदमी तक आसानी से उपलब्ध कराने के सभी प्रयास किये हैं तथा प्रत्येक विद्यालय को साधन सम्पन्न बनाने के हमारे प्रयास निरन्तर जारी हैं किन्तु केवल सरकार व शिक्षकों की ही जिम्मेदारी नहीं है अपितु आप सभी से अनुरोध है कि कोई भी बच्चा स्कूली शिक्षा से वंचित न हो, आप अपने परिवार, गॉव या क्षेत्रों में ऐसे बच्चों की जानकारी प्राप्त कर स्कूलों में नामांकन करवाने में हमारी मदद करें, जो बच्चे किन्हीं कारणों से अभी तक स्कूल नहीं जा रहे हैं।

प्रदेश के समस्त शिक्षा अधिकारियों से मेरा अनुरोध है कि आप विद्यालयों का निरन्तर अनुश्रवण कर सभी निर्माण कार्यों सहित हर सरकारी सुविधा को बच्चों तक पहुंचाने में अपनी तात्कालिक व श्रेष्ठ भूमिका का निर्वहन करें। अपने भ्रमण में स्कूलों के साथ-साथ अभिभावकों से मिलकर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान करें। प्रदेश का कोई भी विद्यालय जीर्ण-शीर्ण व भवनहीन न रहे इस हेतु समय पर निर्माण एजेन्सियों के सहयोग से आंगणन तैयार कर उपलब्ध कराने में अपनी महत्ति भूमिका का निर्वहन करें।

मेरा समाज के हर वर्ग से यह भी विनती है कि छात्र-छात्राओं को नशे से मुक्त रखने हेतु स्वयं नशा न करें। यदि क्षेत्र में कोई व्यक्ति तपेदिक रोग से पीड़ित हो तो उसकी सूचना नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र को प्रदान करें तथा अपने आस-पास, पड़ोस व विद्यालय को शतप्रतिशत तम्बाकू व गुटका रहित करने में अपना योगदान करें।

आइये, गणतंत्र दिवस के इस पुनीत अवसर पर हम सभी संकल्प लेते हैं कि भारत को सम्प्रभुता सम्पन्न विकसित राष्ट्र बनाने में अपना अमूल्य योगदान प्रदान करेंगे।

आप सभी को पुनः गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनायें।

**" जय भारत, जय उत्तराखण्ड"**

(डॉ धन सिंह रावत)
मंत्री,
चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा
सहकारिता, उच्च शिक्षा, संस्कृत शिक्षा,
विद्यालयी शिक्षा